अनुक्रमांक/ Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : खण्ड अ – 03
खण्ड ब – 03

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12
No. of Printed Pages : 12

Total No. of Questions : **Section A-03**
**Section B-03**

# M-SFS-II-2017 (21)

## सामान्य हिन्दी तथा सामान्य अंग्रेजी

## GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

**अनिवार्य विषय (Compulsory Subject)**

**द्वितीय प्रश्न–पत्र**

**Second Paper**

समय : 3 घंटे ] [ पूर्णांक : 200
Time : 3 Hours ] [ Total Marks : 200

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**
**Instructions to the candidates :**

सामान्य हिन्दी – 125
सामान्य अंग्रेजी - 75

1. इस प्रश्न–पत्र में खण्ड 'अ' में 3 व खण्ड 'ब' में 3 इस प्रकार कुल 6 प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रश्न–पत्र के खण्ड अ में 1 से 3 तक व खण्ड 'ब' में भी 1 से 3 तक प्रश्न हैं ।

   This question paper consists of **03** questions in Section 'A' and also **03** questions in Section 'B'. Thus total no. of questions are **06** and all questions are compulsory. The serial number of questions in each Section are **1** to **3**.

2. इस प्रश्न–पत्र के दो भाग हैं । प्रथम भाग खण्ड 'अ' सामान्य हिन्दी का है, जो **125** अंकों का होगा । द्वितीय भाग खण्ड 'ब' सामान्य अंग्रेजी (General English) का होगा, जो **75** अंक का है । दोनों भागों को मिलाकर प्रश्न–पत्र **200** अंक का होगा । इसकी कुल समयावधि **3** घंटे होगी ।

This question paper is having **two** sections. First Section 'A' is of General Hindi which carries **125** marks. Second Section 'B' is of General English which carries **75** marks. This question paper is of total **200** marks including both the sections. Allotted time for this is of 3 hours.

3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

Marks for each question have been indicated on the right hand margin.

4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका पालन करें ।

Wherever word limit has been given, it must be followed to.

5. प्रश्न–पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें । एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें ।

Question should be answered exactly in the order same as mentioned in the question paper. Answer to the various parts of the same question should be written together compulsorily and no answer of the other question should be inserted between them.

6. प्रत्येक प्रश्न में दिये गये निर्देशों का पालन परीक्षार्थियों द्वारा अपेक्षित है ।

The examinees are required to follow the instructions given in the questions.

## खण्ड – अ

## Section – A

1. (A) निम्नलिखित में से किसी एक का 50 शब्दों में पल्लवन कीजिए : **4**

   (i) विश्वासपात्र मित्र जीवन की औषधि है ।

   (ii) अधजल गगरी छलकत जाए ।

   (B) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए : **2 × 2 = 4**

   - उच्छृंखल
   - महाशय
   - जगन्नाथ

   (C) निम्नलिखित में से किन्हीं दो सामासिक पदों का विग्रह कीजिए : **2 × 2 = 4**

   - यथाशक्ति
   - नराधम
   - वीणापाणि

   (D) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्य में विराम चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य शुद्ध कीजिए : **4**

   (i) मोहन ने कहा मैं कल पटना जाऊँगा

   (ii) वह रोज आता है काम करता है और चला जाता है

   (E) निम्नांकित गद्यांश का संक्षेपण एक–तिहाई शब्दों में लिखते हुए गद्यांश का उचित शीर्षक भी लिखिए : **7 + 3 = 10**

   समस्त मानव जीवन के प्रवर्तक भाव या मनोविकार ही होते हैं । मनुष्य की प्रवृत्तियों की तह में अनेक प्रकार के भाव ही प्रेरक के रूप में पाए जाते हैं । शील या चरित्र का मूल भी भावों के विशेष प्रकार के संगठन में ही समझना चाहिए । लोक–रक्षा और लोक–रंजन की सारी व्यवस्था का ढाँचा इन्हीं पर ठहराया गया है । धर्मशासन, राजशासन, मनशासन – सबमें इनसे पूरा काम लिया गया है । इनका सदुपयोग भी हुआ है और दुरुपयोग भी । जिस प्रकार लोक–कल्याण के व्यापक उद्देश्य की सिद्धि के लिए मनुष्य के मनोविकार काम में लाए गए हैं, उसी प्रकार किसी संप्रदाय या संस्था के संकुचित और परिमित विधान की सफलता के लिए भी ।

   अथवा

प्रेम की लड़ाई में हार और जीत केवल शब्द मात्र हैं। जो वस्तुतः एकार्थक हैं और निरर्थक भी। सत्याग्रही की लड़ाई प्रेम की लड़ाई होती है और इसलिए उसमें हार और जीत का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। जिसे अपने कार्यों और आदर्शों में अखण्ड विश्वास न हो, वह सत्याग्रही नहीं हो सकता और जो यह विश्वास लेकर ही अग्रसर हुआ है, कि वह तथाकथित प्रतिपक्षी को और भी उन्नत व कल्याणकारी बनाएगा, उसे हारने की आशंका कैसे हो सकती है।

(F) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **5 × 2 = 10**

- ज्ञापन
- परिपत्र
- अनुस्मारक
- अधिसूचना

(G) निम्नलिखित हिंदी पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं दो के अंग्रेजी रूप लिखिए : **2 × 2 = 4**

- शपथ पत्र
- एकाधिकार
- आवरण पत्र
- अभिरक्षा

(H) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों/कहावतों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : **2 × 2 = 4**

- दालरोटी चलाना
- पुराना घाघ
- जादू वह जो सिर चढ़कर बोले
- एक तो करेला, दूजे नीम चढ़ा

(I) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विलोम शब्द लिखिए : **2 × 2 = 4**

- चिरायु
- व्यष्टि
- अथ
- आग्रह

(J) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए : 2 × 2 = 4

- दुग्ध
- लवंग
- विवाह
- वाष्प

(K) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के **दो–दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2 × 2 = 4

- अधर
- आकाश
- गृह
- गधा

(L) निम्नलिखित शब्द–युग्मों में से किन्हीं **दो** युग्मों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 2 × 2 = 4

- निर्झर – निर्जर
- परिताप – प्रताप
- कुल – कूल
- अनिल – अनल

2. (A) प्रस्तुत गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

उच्च शिक्षा के विस्तार में अत्याधुनिक तकनीक, ज्ञान, उत्पादन व्यवस्था व वैश्विक रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अपेक्षित हो सकता है, परन्तु मूल आधार शिक्षा, सोच–समझ, अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व निखार, संस्कृति, परिवेश–परिचय आदि के लिए मातृभाषा ही आवश्यक है । परन्तु यह भी एक कटु अनुभव है कि आज राष्ट्र का विभाजन भाषा, संस्कृति, धर्म, स्थानीयता आदि के आधार पर हो रहा है । भाषा व संस्कृति के योग को झुठलाना सच्चाई से भागना होगा । स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हिंदी के राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित होने के बाद से 'राष्ट्रभाषा' व 'मातृभाषा' का विवाद भी तुच्छ राजनीतिक लाभ की दृष्टि से उग्र हुआ । सांस्कृतिक रूप से भारत के एक राष्ट्र व देश होने के बावजूद 'उत्तर बनाम दक्षिण' के दक्षिण भारत पर सांस्कृतिक आक्रमण के रूप में चिह्नित किया गया ।

(i) मातृभाषा की आवश्यकता क्यों है ?

(ii) उच्च शिक्षा के विस्तार में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अपेक्षित क्यों है ?

(iii) स्वतन्त्रता प्राप्ति पश्चात् राष्ट्रभाषा व मातृभाषा के विवाद ने क्या रूप धारण किया है ?

(iv) वर्तमान में राष्ट्र विभाजन के आधार कौन से हैं ?

(v) स्वतन्त्रता पश्चात् कौन सी भाषा राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित हुई ?

**अथवा**

हमारी धरती ने बापू को जन्म दिया । किंतु इस धरती का यह सौभाग्य न हुआ कि जो महापुरुष देश की पराधीनता की बेड़ियाँ काटे और देश की प्रतिष्ठा को संसार में ऊँचा ले जाये, वह अपने द्वारा प्रतिष्ठापित स्वतन्त्र राष्ट्र में जीवित रहकर विश्व–शांति और विश्व–बंधुत्व का अपना सपना पूरा कर सके । महात्माजी को इससे अच्छी मृत्यु और क्या मिल सकती थी कि मानवता की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राण दिये ?

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है ?

(ii) महात्माजी ने हमारे लिए क्या किया ?

(iii) उनकी मृत्यु कैसे हुई ?

(iv) क्या महात्माजी विश्व–शांति और विश्व–बंधुत्व का सपना पूरा कर सके ?

(v) रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए ।

(B) अपने महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हेतु प्राचार्य–प्रतिवेदन तैयार कीजिए जिसमें महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों एवं गतिविधियों का वर्णन हो । (शब्द सीमा 120 शब्द) **11**

(C) निम्नांकित अंग्रेजी वाक्यों का हिन्दी में तथा हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

(कोई भी चार) $4 \times 4 = 16$

(i) Copy of the letter referred to above is sent here with.

(ii) His name is not born in the seniority list.

(iii) No decision has been taken in the matter so far.

(iv) Delay in returning the file is regretted.

(v) मामले की जाँच करें और शीघ्र रिपोर्ट दें।

(vi) मामला अभी भी विचाराधीन है।

(vii) मैं कार्यालय की टिप्पणी से पूरी तरह सहमत हूँ।

(viii) इस समय स्थगित रखें।

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 600 शब्दों में निबंध लिखिए : **28**

(i) श्रम का महत्त्व

(ii) विश्व–शांति के उपाय

(iii) सैनिक शिक्षा का महत्त्व

(iv) कम्प्यूटर : क्रान्तिकारी आविष्कार

---

## खण्ड – ब
## Section – B

I. Read each sentence given below to find out whether there is any error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error the answer is (5). **1.5 × 15 = 22.5**

(a) The successful self – employed man (1) / invariably works (2) / harder (3) / and worries most than the man on a salary. (4) / No error (5)

(b) This poem (1) / has been (2) / written by me (3) / when I was a student (4) / No error (5)

(c) Now a days several (1) / plastic products are superior (2) / than similar products. (3) / made from rubber (4) / No error (5)

(d) He has not undergone (1) / any technical training in the games (2) / but plays good (3) / than most other professionals. (4) / No error (5)

(e) The bridge (1) / is constructed (2) / last year (3) / by the government. (4) / No error (5)

(f) The rooms (1) / are swept (2) / last evening (3) / by the maid. (4) / No error (5)

(g) He said that (1) / the country had passed (2) / through a crisis (3) / ten years ago. (4) / No error (5)

Fill in the blanks with appropriate alternatives :

(h) He was _______ by her beauty. (captured / captivated)

(i) Mrs. Jones gave me _______ books which I distributed among the students. (a few / few).

(j) She lives in a small village. She doesn't have _______ to internet. (excess / access)

(k) The rupee has _______ during the past one year. (deprecated / depreciated)

Select the word which is closest to the opposite in meaning of the underlined word.

(l) Her <u>parsimonious</u> habits are known to all his friends.

| | |
|---|---|
| (i) ample | (ii) lavish |
| (iii) luxuriant | (iv) plentiful |

(m) His was a <u>sulky</u> disposition.

| | |
|---|---|
| (i) mild | (ii) loving |
| (iii) kind | (iv) cheerful |

(n) It is <u>obligatory</u> for a citizen to follow rules.

| | |
|---|---|
| (i) mandatory | (ii) optional |
| (iii) advisable | (iv) superfluous |

(o) A military operation to be successful requires <u>meticulous</u> planning.

| | |
|---|---|
| (i) careful | (ii) loose |
| (iii) routine | (iv) comprehensive |

2. (A) Read the following passage carefully and answer the questions given below them in the context of the passage :

Economists, ethicists and business sages persuade us that honesty is the best policy, but their evidence is weak. We hoped to find data that would support their theories and thus, perhaps encourage higher standards of business behaviour. To our surprise, our pet theories failed to stand up. Treachery, we found, can pay. There is no compelling economic reason to tell the truth or keep one's word-punishment for the treacherous in the real world is neither swift nor sure.

Honesty is, in fact, primarily a moral choice. Business people do tell themselves that, in the long run, they will do well by doing good. But there is little / factual or logical basis for this conviction.

Without values, without a basic preference for right over wrong, trust based on such self-delusion would crumble in the face of temptation. Most of us choose virtue because we want to believe in ourselves, and have others respect and belief in us.

And for this, we should be happy. We can be proud of a system in which people are honest because they want to be, not because they have to be. Materially too, trust based on morality provides great advantages. It allows us to join in great and exciting enterprises that we could never undertake if we relied on economic incentives alone.

Economists tell us that trust is enforced in the market place through retaliation of reputation. If you violate a trust your victim is apt to seek revenge and others are likely to stop doing business with you, at least under favourable terms. A man or woman with a reputation for fair dealing will prosper. Therefore, profit maximizers are honest. This sounds plausible enough until you look for concrete examples. Cases that apparently demonstrate the awful consequences of trust turns out to be few and weak, while evidence that treachery can pay seems compelling.

(a) What do economists and ethicists want us to believe ? **5 × 3 = 15**

(b) What did the author find about the theory "Honesty is the best policy" ?

(c) Why are businessmen, according to the passage, honest in their dealings ?

(d) Why does the author say that one can be proud of the present situation ?

(e) What is the material advantage which the author sees in being honest ?

(B) Write a precis of the following passage and give a suitable title to it. **7.5**

In India no section of the society seems to miss an opportunity to go on strike. Almost everyday we read in the newspapers of someone or the other going on strike, quite often for the flimsiest reason one can imagine.

Strike is a legitimate weapon of the worker to get better pay, shorter hours of work and better working conditions when all the other methods have failed. But to resort to strike because some action has been taken on an erring colleague or because some head strong subordinate was not treated with respect, is meaningless. Unfortunately in India the tendency to go on strike seems to be fairly wide spread not only among workers but also among others. The taxi-drivers go on strike if the police asks them to fix meters, students go on strike because they feel the questions in examinations are too difficult for them to answer. Slum-dwellers go on strike because they have been asked to move into new tenements built for them.

Strikers do not realize that they are the ultimate losers in most cases. Their gains are only apparent. Increased wages may not benefit them unless they are related to increased productivity. When an employer is forced to increase his worker's wages without a corresponding increase in production, as is most often the case, his cost of production goes up and this in turn increases the price of his product. So, though the worker may get more, he will have to spend more to get his minimum requirements and this is what is happening today.

3. (A) Write an essay in about **five hundred (500)** words on any **one** of the following topics : **15**

(i) Peasant – Movement in 2017

(ii) Corporate Media and Democracy

(iii) Development and Displacement

(B) Write a letter to the Chief Minister of your state requesting him to provide financial assistance to a bright young student aspiring for higher education. Give details about his family's economic background and also of his merit. **5**

**OR**

Your cousin is missing from home. Write a letter to the SHO of the nearest police station requesting him to search him. Give the details of your cousin to facilitate the search.

(C) Write a paragraph of approximately **two hundred** words **(200 words)** elaborating upon any **one** of the following : **10**

(i) Fools rush where angels fear to tread

(ii) A bird in the hand is better than two in the bush

---